# कार्यालय जिला पंचायत, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

कार्यालय 07856–252522 ई–मेल पता–zp-dantewada.cg@nic.in

## ग्राम पंचायत सचिवों की सेवा भर्ती हेतु विज्ञापन

क्रमांक / 141 / उप संचा. / स.स्था. / 2026–27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 05/06/2026

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय दाउ कल्याण सिंह भवन रायपुर का पत्र क्रमांक / 3640(A) / पंग्राविवि / 22 / 2008 दिनांक 29 अगस्त 2008, छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक / ESTB / 16397 / 2025 / 22–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 18.05.2026, छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक / पंचा. / ESTB-1027 / 1293 / 2025-DIR नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 22.05.2026 के परिपालन में जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जिला दन्तेवाड़ा के स्थानीय निवासियों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 22–06–2026 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के पते पर आमंत्रित किये जाते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**रिक्त पदों की संख्या / वर्गवार विवरण निम्नानुसार है:–**

| रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | | | | | अ.ज.जा. | | | | | अ.जा. | | | | | अ.पि.व. | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मु. | म. | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग | मु. | म. | भू.पू.सै | निःशक्त | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग |
| 45 | 3 | 0 | 0 | 0 | **3** | 19 | 10 | 3 | 2 | **34** | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 5 | 2 | 0 | 0 | **7** |

मु.=मुक्त, म.=महिला, भू.पू.सै.=भूतपूर्व सैनिक

**टीपः– रिक्त पदों की संख्या में वृध्दि या कमी हो सकती है। जिसके लिए कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।**

भूतपूर्व सैनिक सहित अन्य वर्गों को शासकीय सेवा में दिये जाने वाला आरक्षण / अन्य लाभ दिये जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा। विज्ञापित पदों पर भर्ती हेतु भूतपूर्वक सैनिक, दिव्यांगजन व विविध प्रवर्गों–अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग (क्रीमिलियर को छोड़कर) के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित व जारी किए गए आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट संबंधी निर्देशों, नियमों व शर्तों का पालन किया जाएगा।

3. **शैक्षणिक योग्यता :–**

   (1) ग्राम पंचायत सचिवों के नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण होगी।

   (2) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा।

4. **स्थानीय निवासी :–**

   (1) आवेदक को जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। इस संबंध में सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

5. **आयु सीमा :–**

   (1) विज्ञापन जारी तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होना आवश्यक है। अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व., निःशक्तजन, भू.पू.सै. तथा महिला उम्मीदवारों को राज्य शासन द्वारा अधिसूचित निर्देशानुसार आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी।

   (2) महिलाओं के लिए 18 वर्ष एवं पुरूषों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे।

6. **आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देश :–**

   (1) आवेदन पत्र जिला पंचायत दन्तेवाड़ा द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक अर्हता तथा योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के वेबसाईट www.dantewada.nic.in, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के सूचना पटल, जिले के जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

   (2) आरक्षित वर्ग के लिए पदों में भर्ती हेतु आवेदकों एवं उम्मीदवारों का राज्य शासन द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी से जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

(3) सभी प्रमाण पत्र छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए।

(4) आवेदन पत्र में असत्य जानकारी देने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। साथ ही नियमानुसार आवेदक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

(5) शासन के प्रचलित एवं संशोधित सभी नियम लागू होंगे।

7. **आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि :–**

(1) सभी आवश्यक सहपत्रों सहित पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा में दिनांक 22-06-2026 को सायं 5.00 बजे तक आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। विलंब से प्राप्त आवेदन के लिए कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा उत्तरदायी नहीं होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे एवं आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझी जायेगी इस संबंध में कोई भी पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा।

8. **चयन प्रकिया :–** प्रमाण पत्र आदि के आधार पर आवेदकों की वरीयता (मेरिट) का निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा :–

| | | |
|---|---|---|
| (a) | हायर सेकेण्डरी के अंकों का अधिभार | – 50 प्रतिशत |
| (b) | उच्चतर शैक्षणिक योग्यता अधिकतम | – 10 अंक (स्नातक–05 अंक/स्नातकोत्तर–05 अंक) |
| (c) | कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों का अधिभार | – 25 प्रतिशत |
| (d) | रोजगार सहायक पद पर कार्य करने का अनुभव का अधिभार | – 15 अंक (प्रत्येक वर्ष 03 अंक के मान से अधिकतम 05 वर्ष का अंक, एक वर्ष = न्यूनतम 09 माह का कार्यानुभव) |

9. मेरिट के आधार पर 01 पद के विरूद्ध 10 आवेदकों को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।

10. कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में 15 मिनट का अंग्रेजी टायपिंग एवं 15 मिनट का हिंदी टायपिंग कराया जायेगा।

11. **अन्य शर्ते :–**

(1) नियुक्त ग्राम पंचायत सचिव छ.ग. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 एवं छ.ग. पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 द्वारा शासित होंगे।

(2) लिफाफे के ऊपर पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख किया जावे अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकता है।

(3) ग्राम पंचायत सचिव के वेतनमान 3500–10000 ग्रेड वेतन 1100 रूपये पर नियमानुसार महंगाई भत्ता देय होगा।

(4) अपूर्ण रूप से भरे गए या बिना सहपत्रों के आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा एवं उन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(5) रोजगार सहायकों के अनुभव हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(6) निःशक्तजन उम्मीदवारों की निःशक्तता प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया हो मान्य होगा।

(7) पूर्व नियोजित किंतु किसी आरोप के आधार पर पदच्युत किए गए कर्मी/कर्मचारी ग्राम पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति हेतु अपात्र होंगें।

(08) चयनित ग्राम पंचायत सचिव को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किया जायेगा जिसे 05 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। यदि ग्राम पंचायत सचिव का कार्य संतोषप्रद नहीं पाया जाता है तो उसकी सेवाएं नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जावेगी।

(09) ग्राम पंचायत सचिव के नियुक्ति के संबंध में विवाद के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दन्तेवाड़ा का निर्णय अंतिम होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत दन्तेवाड़ा**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**

**पृ.क्रमांक/141-A/उप संचा./स.स्था./2026–27** **दन्तेवाड़ा, दिनांक 05/06/2026**

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महानदी भवन अटल नगर रायपुर को सूचनार्थ।
2. संचालक, पंचायत संचालनालय, विकास भवन, अटल नगर, रायपुर को सूचनार्थ।
3. आयुक्त बस्तर संभाग, जगदलपुर को सूचनार्थ।
4. कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को सूचनार्थ।

5. उप संचालक, पंचायत जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
7. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को सूचनार्थ। कृपया जिले के वेबसाईट में विज्ञापन अपलोड करने हेतु अग्रेषित।
8. सहायक संचालक, जनसंपर्क, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा की ओर दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ।
9. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत–दन्तेवाड़ा/गीदम/कुआकोण्डा/कटेकल्याण को जनपद पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।
10. कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

# ग्राम पंचायत सचिव पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें |
|---|

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

विषयः– विज्ञापन क्रमांक ........................ दिनांक ...................... द्वारा विज्ञापित पदों में नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।

**(I) मूलभूत जानकारी**

1. आवेदित पद का नाम : ग्राम पंचायत सचिव
2. आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) : ....................................................................
   (अंग्रेजी में केपिटल लेटर में) : ....................................................................
3. लिंग : ....................................................................
4. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) : ....................................................................
   (अंग्रेजी में केपिटल लेटर में) : ....................................................................
5. अ. जन्मतिथि अंकों में : ....................................................................
   ब. शब्दों में : ....................................................................

   **(प्रमाण हेतु हाई–स्कूल प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**
6. आयु (विज्ञापन जारी दिनांक में) : वर्षः– ....... माहः– ........ दिनः– .........
7. जाति प्रवर्ग (अजा/अजजा/अपिव/अन्य) उल्लेख करें :– ........................................
8. क्या आप दन्तेवाड़ा जिले के स्थानीय निवासी है? हॉ/नहीं :– ........................................

   **(दन्तेवाड़ा जिले का स्थानीय निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

**(II) संपर्क विवरण**

1. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता : ..................................................................

   ..................................................................

   .................................... पिन ......................

   मोबाइल नम्बर ..........................................

   ईमेल आईडी :– ........................................
2. स्थायी पता : ..................................................................

   ...................................... पिन ....................

   मोबाइल नम्बर ..........................................

   ईमेल आईडी :– ........................................

## (III) शैक्षणिक अर्हता एवं योग्यता

1. (शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2 | हायर सेकेण्डरी परीक्षा | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | कम्प्यूटर परीक्षा | | | | | | |
| 6 | अन्य अर्हता | | | | | | |
| 7 | | | | | | | |

2. अनुभव प्रमाण पत्र नीचे उल्लेखित करें :—

| कमांक | कार्यरत पद का नाम | कार्यालय का नाम | वेतन (प्रतिमाह) | कार्यरत अवधि कब से कब तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**(नियोक्ता द्वारा जारी जावक कमांक सहित जारी अनुभव प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

## (IV) अन्य जानकारी

1. क्या आप दिव्यांग श्रेणी से हैं? हॉ/नहीं :— ..........................................................

   प्रकार :— ........................................

   प्रतिशत :— ........................................

   **(जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

2. क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं? हॉ/नहीं :— ..................................................................

   यदि हां तो जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र कमांक ..........................

   **(प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

3. (अ) वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित) :— ..................................................................

   (ब) यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि :— ...............................

4. आवेदक द्वारा आवेदन में पांचवीं की अंकसूची/आठवीं अंकसूची/दसवीं अंकसूची/बारहवीं अंकसूची/कम्प्यूटर उत्तीर्ण प्रमाण पत्र/स्थाई जाति प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण पत्र/भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र यदि लागू हो तो/दिव्यांग प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र जिस पद पर आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न करते हुए नीचे विवरण दें:–

**संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित किया गया)**

1. ........................................................ 09. ......................................................................

2. ........................................................ 10. ......................................................................

3. ........................................................ 11. ......................................................................

4. ........................................................ 12. ......................................................................

5. ........................................................ 13. ......................................................................

6. ........................................................ 14. ......................................................................

7. ........................................................ 15. ......................................................................

8. ..........................................................16. ......................................................................

दिनांक ..................

हस्ताक्षर .................

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**आवेदक का नाम** ......................

**<u>घोषण पत्र</u>**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्तानुसार दी गई सम्पूर्ण जानकारी मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य है। मैंने यह आवेदन सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समक्षकर भरा है। विज्ञापन में दिये गये नियमों के अनुसार निर्धारित पद पर आवेदन की पात्रता है, जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है, यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य या अपूर्ण पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिए बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है एवं मेरे विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांक ..................

हस्ताक्षर .................

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**आवेदक का नाम** ......................